# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-02.12.2024**

**विषयः- दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त राज सोनकर को थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-770/2024 धारा 64(1),351(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त राज सोनकर पुत्र अमरदेव सोनकर निवासी ग्राम बनकट थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-02.12.2024 को समय करीब 09.45 बजे ग्राम बनकट थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 27.11.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि लगभग दो महीने से मेरी नाबालिग पुत्री को स्कूल आते-जाते समय विपक्षी राज सोनकर अश्लील एवं अभद्र टिप्पडियां करके परेशान करता है। दीपावली से पांच दिन पहले मेरी पुत्री सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी और गली से गुजर रही थी तभी विपक्षी राज सोनकर मोटरसाईकिल से उक्त गली में आया तथा मेरी पुत्री को डरा-धमका कर अपनी मोटरसाईकिल पर बैठाकर एक मकान में ले गया और वहाँ जबरन मेरी पुत्री का बलात्कार किया। इसके बाद मेरी पुत्री को चौबेपुर चौराहे पर लाया तथा पुनः धमकी दिया कि आज की घटना के बारे में अगर किसी को बतायी तो तुम्हारे माँ,बाप तथा भाई को जान से मार डालूंगा। फिर दिनांक-24/11/024 को जब मेरी पुत्री घर के बाहर किसी काम से गयी थी तो वहाँ पर विपक्षी राज सोनकर व उसके 02 अन्य साथी एक मोटरसाइकिल से आये तथा मेरी पुत्री को पुनः धमकी दिये, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर मे सुसंगत धाराओं मे अभयोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा द्वारा संपादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

राज सोनकर पुत्र अमरदेव सोनकर निवासी ग्राम बनकट थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 25 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-**

ग्राम बनकट थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से, दिनांक-02.12.2024 को समय करीब 09.45 बजे।

**आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 770/2024 धारा 64(1),351(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. ए0सी0पी0 विजय प्रताप सिंह थाना प्रभारी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. अ0प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 कृष्णानंद पाण्डेय थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हो0गा0 एसीसी राजकुमार दुबे थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**